# P.P.N. (P.G.) College, Kanpur

## Admission 2025-26

### Instructions for PG-Previous Online Applicants

| | |
|---|---|
| **1.** The candidate must have university **Registration Number**, Which may be obtained through website https://csjmuadm.samarth.edu.in/ . | 1. आवेदक के पास विश्वविद्यालय पंजीकरण संख्या निश्चित रूप से होनी चाहिए, जो वेबसाइट https://csjmuadm.samarth.edu.in/ के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। |
| **2. Preparation before filling Online Application Form**<br>- Keep the scanned (.jpg) files of followings items. Photo of documents through mobile are not allowed. **<u>There is no requirement of resizing or compression of documents. Only Scan copy of original documents can upload.</u>**<br>**a)** Student's Photo Scan, Student's Signature Scan, Parent's/Guardian's Signature Scan<br>**b)** Scanned copy of Original Documents **<u>(For every Document Min. Width 800 Pixels)</u>** *(10th Mark sheet/Certificate, 12th Mark sheet/certificate, UG-Marksheet, B.Ed./B.T.C Proof, Category/Sub Category Certificates, University Registration Number)*, EWS certificate **(For Economically Weaker Section applicants).** | **2. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पहले की तैयारी –**<br>निम्नलिखित मदों की स्कैन (.jpg, .jpg, .jpeg, .gif, .png) फाइलें रखें। मोबाइल के साथ दस्तावेजों की फोटो की अनुमति नहीं है। **<u>दस्तावेजों के आकार बदलने या संपीड़न (compression) की कोई आवश्यकता नहीं है। केवल मूल दस्तावेजों की स्कैन कॉपी ही अपलोड की जा सकती है।</u>**<br>a) छात्र का फोटो स्कैन ,छात्र के हस्ताक्षर स्कैन, माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर स्कैन<br>b) मूल दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रति **(प्रत्येक दस्तावेज़ के लिए न्यूनतम. चौड़ाई 800 पिक्सेल)** *(10वीं की मार्कशीट/सर्टिफिकेट, 12वीं की मार्कशीट/सर्टिफिकेट,* बी.एड./बी.टी.सी. का प्रमाण, यूजी की मार्कशीट, *कैटेगरी/सब कैटेगरी सर्टिफिकेट,* <u>विश्वविद्यालय</u> पंजीकरण नंबर*)* , ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आवेदक हेतु) |
| **3. How to Apply**<br>a) Click to " Apply Online For Admission in PG-Previous" (https://ppncollege.org/how-to-apply/ or https://ppn.rccknp.com).<br>b) Click the Register button to register yourself. Fill all the necessary fields (Name, email, mobile number etc.) and accept "I have read and understood the instructions". Pay Rs.350/- through online process.<br>c) After Payment you will receive User login ID (College Registration Number), Password (DOB), transaction ID and brochure via Registered E-mail /SMS.<br>d) Please download the brochure and read carefully.<br>e) Login with User Name and Password.<br>f) Fill all the four levels of application form which are-<br>I. Basic Information and faculty/course selection (In the light of the rules given in the prospectus)<br>II. Academic Information<br>III. Documents & Photograph Submission and<br>IV. Complete Form view and final submission.<br>g) Fill all Mandatory & Non-Mandatory fields carefully. Upload student's photo, student's signature, parent's/guardian's signature & other documents carefully in proper size, it must be clear & readable. Submit the application finally.<br>h) Take the printout of the Application after final submission and save it as proof. | 3. **आवेदन कैसे करें**<br>a) "PG-I में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करें" पर क्लिक करें (https://ppncollege.org/how-to-apply/ or https://ppn.rccknp.com) ।<br>b) स्वयं को रजिस्टर करने के लिए रजिस्टर बटन पर क्लिक करें। सभी आवश्यक फ़ील्ड (नाम, ईमेल, मोबाइल नंबर आदि) भरें और स्वीकार करें कि "मैंने निर्देशों को पढ़ और समझ लिया है"। ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से 350/- रुपये का भुगतान करें।<br>c) भुगतान के बाद आपको पंजीकृत ई-मेल/एसएमएस के माध्यम से उपयोगकर्ता लॉगिन आईडी (कॉलेज पंजीकरण संख्या), पासवर्ड (डीओबी), लेनदेन आईडी और विवरणिका प्राप्त होगी।<br>d) कृपया ब्रोशर डाउनलोड करने के बाद ध्यान से पढ़ें।<br>e) उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड के साथ लॉगिन करें।<br>f) आवेदन पत्र के सभी चार स्तरों को भरें जो हैं-<br>I. बुनियादी जानकारी और संकाय/पाठ्यक्रम चयन (विवरणिका में दिए गए नियमों के आलोक में)<br>II. शैक्षणिक सूचना<br>III. दस्तावेज़ और फोटोग्राफ सबमिशन और<br>IV. संपूर्ण आवेदन अवलोकन और अंतिम सबमिशन।<br>g) सभी अनिवार्य और गैर-अनिवार्य क्षेत्रों को ध्यान से भरें। छात्र की फोटो, छात्र के हस्ताक्षर, माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर और अन्य दस्तावेजों को उचित आकार में सावधानी से अपलोड करें, यह स्पष्ट और पठनीय होना चाहिए। अंत में आवेदन जमा करें।<br>h) आवेदन को अंतिम रूप से जमा करने के बाद आवेदन का प्रिंटआउट लें और इसे प्रमाण के रूप में सहेजें। |

# P.P.N. (P.G.) College, Kanpur
# Admission 2025-26
## Instructions for PG-Previous Online Applicants

***Important :***

- a) *OBC Certificate issued before 1st July 2022 is not acceptable.*
- b) *Caste certificate (OBC/ SC/ST) must be verifiable online.*
- c) *The year of eligibility (passing year of UG) for admission in PG-1 is 2025. A maximum relaxation of 2 years academic gap in the year of eligibility shall be considered under valid proof with affidavit. In case of year gap, merit-cutoff shall be decided with reduction of 0.1 CGPA in UG marks.*
- d) *B.Ed/B.T.C. or equivalent shall be considered as a part of academic degree. Duration of these courses shall be considered as no academic gap. The year of eligibility for these candidates is 2023.*
- e) *If candidate has done PG with some subject along with B.Ed..B.T.C. then eligibility year shall be 2021.*
- f) *For admission to PG Courses, minimum CGPA in respective U.G. Course is 4 or should clearly passed.*
- g) *Candidates having CGPA less than 4 shall not be permitted for admission.*
- h) *For faculty change at P.G. level, candidates must have minimum 4 CGPA in U.G. courses.*
- i) *A candidate who has obtained the BA degree (three year course) of this university or of an Indian university recognized for the purpose by executive council (CSJM University) can apply to admission in MA. The applying subject of MA admission must be in his/her UG 3rd year. However, in the light of NEP 2020, a student can also apply for admission in MA in the third major subject or other subject of BA but such admission shall be permitted on the basis of pre-requisite of the applied subject.*
- j) *BSc qualified students having minimum CGPA 4 can apply for admission to MA. The admission shall be based on pre-requisite of the applied subject.*
- k) *BCom and BBA qualified students having minimum CGPA 4 can apply for admission to non-practical subject of MA. The admission in practical subject shall be based on pre-requisite of the applied subject.*
- l) *Annual course student having English language/Hindi language in U.G. IIIrd year is allowed for admission to P.G. course in English/Hindi.*
- m) *A candidate having BSc with Mathematics shall be allowed for admission in MSc- Mathematics and shall not be permitted for admission in MA-Mathematics.*
- n) *A candidate who obtains the BSc degree of this university or of an Indian University recognized for the purpose by Executive Council (CSJM University) may apply to MSc. The applying subject of MSc admission must be in his/her UG 3rd year.*
- o) *In PG-1, one elective paper of other faculty subject must be chosen by the candidate as minor subject at the time of admission. While the Research Project shall be allotted to the candidate by the department/faculty after admission.*
- p) *The prerequisites/eligibility defined by the CSJM University for admission in a subject of PG shall be applicable.*
- q) **The PG-Previous admission shall be based on merit-cutoff. The probability of admission shall be maximum in primary dates of Merit-cutoff.**
- r) *BCom and BBA passed students are eligible for admission in MCom. This admission shall be in offline mode.*

*एम0एससी0 पूर्वार्द्ध जन्तु विज्ञान एवं एम0काम0 पूर्वार्द्ध में प्रवेश*

*आफलाइन प्रक्रिया द्वारा प्रोफेशनल एवं सेल्फफाइनेन्सड विभाग में सम्पन्न होगा।*

**Note 1: In case of any <u>technical support</u> during form filling please contact following helpline numbers.**

**9519894121 , 8604502940**

**Note 2 : For any other enquiry contact P.P.N. College at following helpline numbers.**

**8707538344, 9984694499**

**In case Helpline number is busy please wait for some time, do not call again and again.**

# P.P.N. (P.G.) College, Kanpur

96/12 Mahatma Gandhi Marg, Kanpur -208001

● Mob.: 8707538344● Website: www.ppncollege.org●

●email:ppncollegekanpur@gmail.com●


## Admission 2025-26

## Instructions to the students applying for admission to various aided courses of PG-Previous

## परास्नातक प्रथम वर्ष (पूर्वार्द्ध)(सप्तम–अष्टम सेमेस्टर) में प्रवेश हेतु अर्हता, निर्देश एवं प्रक्रिया

एम0ए0 पूर्वार्द्ध (अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र एवं रक्षा व स्त्रातजिक अध्ययन) एवं एम0एससी0 पूर्वार्द्ध (गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान) में अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्णतः ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जायेगा जबकि एम0एससी0 पूर्वार्द्ध (जन्तु विज्ञान) एवं एम0काम0 पूर्वार्द्ध में प्रवेश पूर्णत: आफलाइन होगा। प्रवेश से सम्बन्धित अर्हता, निर्देश एवं प्रक्रिया निम्नवत है।

### प्रवेश हेतु अर्हता एवं निर्देश

1. अभ्यर्थी को स्नातक परीक्षा उत्तर प्रदेश एवं भारत सरकार द्वारा विधिमान्य विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
2. स्नातक में न्यूनतम सी.जी.पी.ए. 4 होना अनिवार्य है।
3. त्रि–वर्षीय बी0ए0 उत्तीर्ण छात्र केवल तृतीय वर्ष के विषय से ही एम0ए0 प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मूल भावना के अनुरूप बी0ए0 के विद्यार्थी अपने तृतीय मेजर विषय या अन्य विषय में भी प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। परन्तु ऐसे प्रवेश, विषय की पूर्व अनिवार्यता के आधार पर ही अनुमन्य होंगे।
4. यदि वार्षिक पाठ्यक्रम में अंग्रेजी भाषा/हिन्दी भाषा विषय स्नातक तृतीय वर्ष में हों तो अभ्यर्थी एम0ए0 अंग्रेजी/हिन्दी में प्रवेश हेतु अर्ह होंगे।
5. बी0एस-सी0 उत्तीर्ण छात्र भी एम0ए0 में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। परन्तु ऐसे प्रवेश, विषय की पूर्व अनिवार्यता के आधार पर ही अनुमन्य होंगे। जिस हेतु स्नातक में न्यूनतम सी.जी.पी.ए. 4 होना अनिवार्य है।
6. बी0काम0 एवं बी0बी0ए0 उत्तीर्ण विद्यार्थी अप्रायोगिक विषयों से एम0ए0 में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। परन्तु प्रायोगिक विषयों से एम0ए0 में प्रवेश,

विषय की पूर्व अनिवार्यता के आधार पर ही अनुमन्य होंगे। जिस हेतु स्नातक में न्यूनतम सी.जी.पी.ए. 4 होना अनिवार्य है।

7. एम0एस-सी0 पूर्वार्द्ध में प्रवेश, बी0एस-सी0 तृतीय वर्ष में अध्ययन किये गये विषय में ही अनुमन्य होगा।
8. बी0काम0 एवं बी0बी0ए0 उत्तीर्ण विद्यार्थी एम0काम0 में प्रवेश हेतु अर्ह होंगे।

## प्रवेश हेतु निर्देश

1. प्रवेश हेतु अर्हता वर्ष–2025 (स्नातक उत्तीर्ण वर्ष) से पूर्व अधिकतम 2 वर्ष का अकादमिक गैप उपयुक्त साक्ष्यों एवं शपथपत्र के अधीन अनुमन्य होगा। उक्त की स्थिति में प्रति गैप वर्ष के लिए 0.1 सीजीपीए की कमी के साथ मेरिट कट–आफ में स्थान अनुमन्य होगा।
2. स्नातक के बाद बी0एड0, डी0एलएड0 एवं समकक्षीय परीक्षा उत्तीर्ण छात्र अकादमिक गैप की श्रेणी में नहीं आयेगें इनके लिए अर्हता वर्ष–2023 होगा।
3. स्नातक के बाद बी0एड0, डी0एलएड0 एवं समकक्षीय परीक्षा के साथ किसी विषय से परास्नातक है तो द्वितीय विषय से परास्नातक में प्रवेश हेतु आवेदन लिए अर्हता वर्ष–2021 होगा।
4. परास्नातक पूर्वार्द्ध में प्रवेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं विश्वविद्यालय निर्देशों के आलोक में सेमेस्टर प्रणाली पर होगा।
5. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप परास्नातक पूर्वार्द्ध में महाविद्यालय द्वारा निर्धारित द्वितीय सेमेस्टर में अन्य संकाय के किसी विषय के एक वैकल्पित पेपर का चयन माइनर विषय के रुप में अनिवार्य होगा। साथ ही साथ परास्नातक पूर्वार्द्ध के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में 04–04 क्रेडिट का प्रोग्रेसिव रिसर्च प्रोजेक्ट वर्क करना अनिवार्य होगा।
6. एम0ए0 पूर्वार्द्ध (अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र एवं रक्षा व स्त्रातजिक अध्ययन) एवं एम0एससी0 पूर्वार्द्ध (गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान) में अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्णतः मेरिट–कटआफ के आधार पर आनलाइन माध्यम से होगा जबकि एम0एससी0 पूर्वार्द्ध (जन्तु विज्ञान) एवं एम0काम0 पूर्वार्द्ध में प्रवेश पूर्णत: आफलाइन होगा।

P.P.N. (P.G.) College, Kanpur
96/12 Mahatma Gandhi Marg, Kanpur -208001
● Mob.: 8707538344● Website: www.ppncollege.org●
●email:ppncollegekanpur@gmail.com●

# मेरिट कटआफ एवं प्रवेश तिथियां

एम0ए0 पूर्वार्द्ध (अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, रक्षा व स्त्रातजिक अध्ययन) एवं एम0एस-सी0 पूर्वार्द्ध (गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान) में अभ्यर्थियों के प्रवेश हेतु मेरिट–कटआफ का आधार स्नातक में प्राप्त अंको का प्रतिशत होगा। एम0ए0/एम0एस-सी0 पूर्वार्द्ध में प्रवेश निम्न तिथि एवं मेरिट–कटआफ के अनुसार अनुमन्य होगा।

| क्रमांक | प्रवेश तिथियां | मेरिट कटआफ (सीजीपीए में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य वर्ग | अन्य पिछड़ी जाति वर्ग | अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग |
| 1 | 16, 17 जुलाई 2025 (02 दिन) | 6.5 एवं इससे ऊपर | 6.0 एवं इससे ऊपर | 5.0 एवं इससे ऊपर |
| 2 | 18, 19 जुलाई, 2025 (02 दिन) | 6.0 एवं इससे ऊपर | 5.5 एवं इससे ऊपर | 4.5 एवं इससे ऊपर |
| 3 | 21, 22, 23 जुलाई, 2025 (03 दिन) | 5.5 एवं इससे ऊपर | 5.0 एवं इससे ऊपर | 4.0 एवं इससे ऊपर |
| 4 | 24, 25, 26 जुलाई, 2025 (03 दिन) | 5.0 एवं इससे ऊपर | 4.5 एवं इससे ऊपर | 4.0 एवं इससे ऊपर |
| 5 | 28, 29 जुलाई, 2025 (02 दिन) | 4.5 एवं इससे ऊपर | 4.0 एवं इससे ऊपर | 4.0 एवं इससे ऊपर |
| 6 | 30–31 जुलाई, 2025 (02 दिन) | 4.0 एवं इससे ऊपर | 4.0 एवं इससे ऊपर | 4.0 एवं इससे ऊपर |

**नोटः**

1. पी0पी0एन0 कालेज, कानपुर से स्नातक उत्तीर्ण छात्रों को मेरिट–कटआफ में 0.5 सीजीपीए की छूट अनुमन्य होगी जबकि प्रान्तीय खिलाड़ियों को मेरिट कट आफ में 0.5 सीजीपीए की छूट एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों को 1.0 सीजीपीए की छूट अनुमन्य होगी। परन्तु किसी भी दशा में प्रवेश वि0वि0 द्वारा निर्धारित न्यूनतम कटआफ से नीचे अनुमन्य नहीं होगा।
2. किसी भी संकाय/विषय/वर्ग में प्रवेश निर्धारित सीटों के सापेक्ष पूर्ण होने पर कोई भी प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा। संकाय/विषय/वर्ग में प्रवेश पूर्ण होने की सूचना महाविद्यालय की वेबसाइट पर भी अद्यतन किया जायेगा।
3. आवेदन करने के पश्चात उक्त तिथियों में प्रवेश, संलग्न अभिलेखों (अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों) के भौतिक सत्यापन एवं सीट उपलब्धता के अधीन होगा।
4. आवेदन हेतु पंजीकरण एवं प्रोसेसिंग शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।
5. वार्षिक पाठ्यक्रम हेतु अंक प्रतिशत को 9.5 से विभाजित करने पर सीजीपीए प्राप्त होगा।

## प्रवेश प्रक्रिया

1 सर्वप्रथम अभ्यर्थी को परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु महाविद्यालय के ऑनलाइन आवेदन लिंक (https://ppncollege.org/how-to-apply/ अथवा https://ppn.rccknp.com) पर जाकर पंजीकरण (पंजीकरण शुल्क रू 350.00) करना होगा।

2 पंजीकरण के पश्चात ईमेल पर प्राप्त लॉगिन एवं पासवर्ड का उपयोग करते हुए ऑनलाइन आवेदन को दिये गये निर्देशों के आलोक में पूर्ण कर अंतिम रूप से सब्मिट करना होगा।

3 दिये गये मेरिट कट–आफ के अनुसार अभ्यर्थी को अभिलेखों (अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों) के भौतिक सत्यापन हेतु महाविद्यालय के सम्बन्धित विभाग की समिति के समक्ष उपस्थित होना होगा।

4 भौतिक सत्यापन हेतु अभ्यर्थी अपने सभी मूल दस्तावेज (वि0वि0 पंजीकरण से सम्बन्धित लेटर, हाईस्कूल अंकपत्र और प्रमाणपत्र, इण्टरमीडिएट अंकपत्र और प्रमाणपत्र, तीनों वर्ष के स्नातक अंक पत्र, टी0सी0, सी0सी0, जाति प्रमाणपत्र एवं ई0डब्लू0एस0 प्रमाण पत्र/डिफेन्स डिपेन्डेंट प्रमाण पत्र/स्वतंत्रता सेनानी डिपेन्डेंट प्रमाण पत्र/दिव्यांग प्रमाण पत्र/खेल से सम्बन्धित प्रमाणपत्र, 2–रंगीन फोटो इत्यादि), एवं सभी मूल–दस्तावेजों की एक छायाप्रति/फोटोकापी तथा प्रवेश आवेदन पत्र का प्रिंटआउट अनिवार्य रुप से लेकर आयेंगे। वर्ष अन्तराल के सन्दर्भ में, अभ्यर्थी को उपयुक्त साक्ष्यों के साथ Rs.10/- के स्टाम्प पेपर पर अनिवार्य रूप से शपथ पत्र देना होगा।

5 टी0सी0 एवं सी0सी0 की मूल प्रति न होने पर, शपथ पत्र के अधीन प्राचार्य की अनुमति से अस्थायी प्रवेश अनुमन्य होगा। अस्थायी प्रवेश अधिकतम 30 दिन के लिए मान्य है। इस अवधि के भीतर विद्यार्थी को टी0सी0 एवं सी0सी0 की मूल प्रति को कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में प्रवेश निरस्त किया जा सकता है।

6 भौतिक सत्यापन के पश्चात अभ्यर्थी को विषय चुनाव और शुल्क के भुगतान हेतु एस0एम0एस0 अथवा ईमेल प्राप्त होगा।

7 इसके पश्चात पंजीकरण के लॉगिन व पासवर्ड का उपयोग करते हुए नई शिक्षा नीति–2020 के अनुसार विषय चुनाव व शुल्क भुगतान अभ्यर्थी द्वारा स्वयं ऑनलाइन किया जायेगा।

8 शुल्क भुगतान के पश्चात शुल्क रसीद एवं सब्जेक्ट कार्ड की सत्यापित प्रति महाविद्यालय से प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

9 किसी भी दशा में *दिये गये दिन के मेरिट कट–आफ* के नीचे प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा।

## प्रवेश हेतु मुख्य निर्देश

- किसी भी दशा में किसी भी दिन मेरिट–कटआफ के नीचे प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा।
- आरक्षण का लाभ उपयुक्त/वैध जाति प्रमाण पत्र पर ही अनुमन्य होगा तथा अभ्यर्थी को दावाकृत आरक्षण श्रेणी की सीटों के सापेक्ष ही प्रवेश अनुमन्य होगा।
- अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश के मूल निवासी होने पर ही आरक्षण का लाभ देय होगा तथा अन्य प्रदेशों के अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी के माने जायेंगें।
- यूपीएचसी (उत्तरप्रदेश दिव्यांगजन या विकलांग), यूपीएफएफ (यूपी के स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रित पुत्र/पुत्री/पौत्र) एवं यूपीएएफ (उत्तरप्रदेश में तैनात रक्षा कर्मियों या उत्तरप्रदेश के सेवनिवृत्त / मारे गये / अक्षम हो गये रक्षा कर्मियों के पुत्र/पुत्री) के आवेदकों को उत्तरप्रदेश क्षैतिज आरक्षण नियमावली के संगत उपलब्ध सीटों के सापेक्ष उपयुक्त प्रमाण पत्र पर ही प्रवेश अनुमन्य होगा।
- **ई0डब्ल्यू0एस0** (आर्थिक रुप से कमजोर) श्रेणी के आवेदकों को उत्तरप्रदेश उर्ध्वाधर आरक्षण नियमावली के संगत उपलब्ध सीटों के सापेक्ष उपयुक्त प्रमाण पत्र पर ही प्रवेश अनुमन्य होगा।
- ***अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाणपत्र 01/07/2022 के बाद के निर्गत ही मान्य होंगे, जबकि ई0डब्ल्यू0एस0 के नवीनतम वैध प्रमाणपत्र ही मान्य होंगे।***
- सभी जाति प्रमाणपत्र का आनलाइन सत्यापित होना अनिवार्य है। आनलाइन सत्यापित न होने की स्थिति में आरक्षण लाभ देय नहीं होगा।
- प्रवेश हेतु अभ्यर्थी द्वारा आरक्षण लाभ या छूट से सम्बन्धित लगाये गये सभी प्रकार के **प्रमाणपत्र** राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा नामित सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत ही मान्य होगा।
- सभी आरक्षण एवं प्रवेश राज्य सरकार की नीतियों और विश्वविद्यालय के दिशा–निर्देशों के अनुसार **अनुमन्य** होंगे।
- मेरिट कटआफ की समय सीमा के किसी भी दिन किसी श्रेणी में प्रवेश पूर्ण होने की स्थिति में महाविद्यालय प्रशासन द्वारा उस श्रेणी में प्रवेश रोक दिया जायेगा और इसकी सूचना महाविद्यालय प्रवेश वेबसाइट पर भी दी जायेगी तथा आगे प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा।

## विषय चयन संरचना

| क्रमांक | विषय | सेमेस्टर | पेपर एवं क्रेडिट | कुल क्रेडिट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **मुख्य विषयः**<br>एम0ए0 / एम0एससी0 पूर्वार्द्ध में प्रवेश हेतु आवेदित विषय | 1 | **सैद्धान्तिक विषयः** 05–05 क्रेडिट के 04 सैद्धान्तिक पेपर<br>**प्रायोगिक विषयः** 04–04 क्रेडिट के 04 सैद्धान्तिक पेपर तथा 04 क्रेडिट का प्रायोगिक वर्क / प्रैक्टिकल | 20 |
| | | 2 | **सैद्धान्तिक विषयः** 05–05 क्रेडिट के 04 सैद्धान्तिक पेपर<br>**प्रायोगिक विषयः** 04–04 क्रेडिट के 04 सैद्धान्तिक पेपर तथा 04 क्रेडिट का प्रायोगिक वर्क / प्रैक्टिकल | 20 |
| 2 | **माइनर विषयः**<br>अन्य संकाय के किसी विषय का एक वैकल्पित पेपर | 2 | अन्य संकाय के किसी विषय का 04 या 05 क्रेडिट एक वैकल्पिक सैद्धान्तिक पेपर | 04 / 05 |
| 3 | **शोध परियोजना (रिसर्च प्रोजेक्ट) / सर्वे / इडस्ट्रियल ट्रेनिंग)** | 1<br>2 | प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में 04–04 क्रेडिट की शोध परियोजना, जिसका मूल्यांकन द्वितीय सेमेस्टर में 08 क्रेडिट में किया जायेगा। | 08 |
| | | | कुल क्रेडिट | 52 / 53 |

नोटः

1. एम0एससी0 पूर्वार्द्ध के छात्र एम0ए0/एम0काम0 के किसी विषय से एक वैकल्पिक सैद्धान्तिक पेपर का चयन माइनर विषय के रूप में कर सकते हैं।
2. एम0काम0 पूर्वार्द्ध के छात्र एम0ए0 के किसी विषय से एक वैकल्पिक सैद्धान्तिक पेपर का चयन माइनर विषय के रूप में कर सकते हैं।
3. एम0ए0 पूर्वार्द्ध (अंग्रेजी, हिन्दी) के छात्र एम0ए0 (अर्थशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र एवं रक्षा व स्त्रातजिक अध्ययन)/एम0काम0 के किसी विषय से एक वैकल्पिक सैद्धान्तिक पेपर का चयन माइनर विषय के रूप में कर सकते हैं।
4. एम0ए0 पूर्वार्द्ध (अर्थशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र एवं रक्षा व स्त्रातजिक अध्ययन) के छात्र एम0ए0 (अंग्रेजी, हिन्दी)/एम0काम0 के किसी विषय के एक वैकल्पिक सैद्धान्तिक पेपर का चयन माइनर विषय के रूप में कर सकते हैं।
5. शोध परियोजना (रिसर्च प्रोजेक्ट)/सर्वे/इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग का आवंटन सम्बन्धित विभाग द्वारा किया जायेगा।
6. परास्नातक पूर्वार्द्ध में प्रवेश की सम्भावना मेरिट कटआफ की प्राथमिक तिथियों में अधिकतम होगी।
7. परास्नातक पूर्वार्द्ध के किसी विषय में प्रवेश, सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय द्वारा परिभाषित आवश्यक शर्तों तथा पात्रता के अधीन होगा।

*एम0एससी0 पूर्वार्द्ध जन्तु विज्ञान एवं एम0काम0 पूर्वार्द्ध में प्रवेश आफलाइन प्रक्रिया द्वारा प्रोफेशनल एवं सेल्फफाइनेन्सड विभाग में सम्पन्न होगा।*

**Note 1: In case of any technical support during form filling please contact following helpline numbers.**

**9519894121 , 8604502940**

**Note 2 : For any other enquiry contact P.P.N. College at following helpline numbers.**

**8707538344, 9984694499**

**In case Helpline number is busy please wait, do not call again and again.**

P.P.N. (P.G.) College, Kanpur
96/12 Mahatma Gandhi Marg, Kanpur -208001
● Mob.: 8707538344● Website: www.ppncollege.org●
●email:ppncollegekanpur@gmail.com●

# Important Dates Related to Admission of PG-Previous

## *Online Application Start Date*

***01 July 2025***

## *Online Application Last Date*

***31 July 2025 (2:00 PM)***

## *Admission Dates*

***16 -31 July 2025***

*(10:30 am to 3:00 pm)*

## *Classes start Date*

***01 August 2025***